झारखंड में चेतावनी जारी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **झारखंड के पूर्वी सिंहभूम ज़िले** में अत्यधिक वर्षा के बाद नदियों के उफान पर होने के कारण निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिये चेतावनी जारी किया गया।

- राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण **खरकई और** [**सुवर्णरेखा नदियों**]() का जलस्तर बढ़ रहा है।

मुख्य बिंदु:

- पड़ोसी सरायकेला-खरसावाँ ज़िले में स्थित **चांडिल बाँध** से लगभग 3,500 क्यूसेक **जल सुवर्णरेखा नदी में छोड़ा गया।**
- प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले **निवासियों** को **नदियों के पास जाने से बचने** तथा प्राधिकारियों द्वारा **दिये गए निर्देशों का पालन करने का निर्देश** दिया गया है।
    - लगातार हो रही वर्षा के कारण विभिन्न सड़क मार्ग बह गए, वृक्ष उखड़ गए, मकान क्षतिग्रस्त हो गए और एक पुल ढह गया।

सुवर्णरेखा नदी

- **सुवर्णरेखा (स्वर्ण रेखा) नदी झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा** राज्यों से होकर प्रवाहित होती है।
- **प्रमुख सहायक नदियाँ:** काँची नदी और **खरकई नदी**

खरकई नदी

- यह **सुवर्णरेखा नदी की प्रमुख सहायक नदियों** में से एक है।
- यह **जमशेदपुर के आदित्यपुर क्षेत्र** से होकर प्रवाहित होती है।
- इसका उद्गम **ओडिशा के मयूरभंज ज़िले** में होता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/aaert-issued-in-jharkhand